दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में... पृष्ठ 2 | भक्ति, शक्ति और ऊर्जा के प्रतीक... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स



नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559

शनिवार, 12 अप्रैल 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 173, पृष्ठ 06, मूल्य 3 रुपए

# मुख्यमंत्री साय ने प्रदेश के पहले सेमीकंडक्टर यूनिट का किया भूमिपूजन

## नई औद्योगिक नीति से नई संभावनाओं का निर्माण, नवा रायपुर को बनाएंगे छत्तीसगढ़ की सिलिकॉन वैली : मुख्यमंत्री




**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज नवा रायपुर में देश की प्रसिद्ध सेमीकंडक्टर निर्माता कंपनी पोलीमैटेक इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के प्लांट की आधारशिला रखी। यह कंपनी सेमीकंडक्टर चिप बनाने वाली अग्रणी कंपनियों में से एक है, जो छत्तीसगढ़ में 1,143 करोड़ रुपये की लागत से एक बड़ा कारखाना स्थापित करेगी। डेढ़ लाख वर्ग फीट में बनने वाला यह प्लांट वर्ष 2030 तक 10 अरब चिप्स तैयार करेगा, जिनका उपयोग टेलीकॉम, 6जी/7जी, लैपटॉप और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स में किया जाएगा। इस प्लांट की स्थापना से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने अपने संबोधन में कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है कि छत्तीसगढ़ में पहले सेमीकंडक्टर संयंत्र की स्थापना का भूमिपूजन हुआ है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति में सेमीकंडक्टर उद्योग को विशेष प्रोत्साहन दिए गए हैं, जिससे निश्चित रूप से कंपनी को यहां निवेश में सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि विश्व के जो भी देश विकसित हुए हैं, उन्होंने तकनीक के क्षेत्र में मेहनत की है, अनुसंधान किया है और ऐसा वातावरण बनाया है जिससे तेज़ी से तकनीकी प्रगति संभव हो पाई। अब 6जी और 7जी तकनीक भी आ रही है और मुझे खुशी है कि इनके लिए आवश्यक चिप्स हमारे देश में ही तैयार होंगे, और नवा रायपुर, अटल नगर में हमारे इंजीनियर इन्हें बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले वर्ष दिसंबर में दिल्ली में आयोजित एक इंवेस्टर्स कनेक्ट प्रोग्राम में राज्य के अधिकारियों की मुलाकात पोलीमैटेक के प्रबंधन से हुई थी और उसी समय कंपनी ने छत्तीसगढ़ में निवेश की इच्छा जताई थी। उन्होंने कहा कि बहुत कम समय में उद्योग विभाग और एनआरडीए ने कंपनी के लिए नवा रायपुर के सेक्टर-5 में डेढ़ लाख वर्ग फीट भूमि उपलब्ध कराई। एनआरडीए ने 45 दिनों में टेंडर प्रक्रिया पूरी कर भूमि आबंटित की और 25 दिनों से कम समय में लीज डीड पंजीकरण का कार्य भी संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल विकसित भारत के सपने को साकार करने हेतु विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में अत्यंत कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा कि नवा रायपुर निश्चित ही छत्तीसगढ़ की सिलिकॉन वैली के रूप में उभरेगा, और इसकी शुरुआत आज के भूमिपूजन से हो चुकी है। भूमिपूजन अवसर पर पोलीमैटेक कंपनी के एमडी श्री ईश्वर राव ने मुख्यमंत्री श्री साय को राज्य सरकार की तत्परता और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने छत्तीसगढ़ में पॉवर मॉड्यूल फेब्रिकेशन प्लांट स्थापित करने के लिए 10,000 करोड़ रुपये के निवेश का भी प्रस्ताव दिया। इससे राज्य में 5,000 से अधिक युवाओं को रोजगार मिलेगा। इस अवसर पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन,आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री ओ. पी. चौधरी, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, सीएसआईडीसी के अध्यक्ष श्री राजीव अग्रवाल, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानंद, उद्योग विभाग के सचिव श्री रजत कुमार, एनआरडीए के सीईओ श्री सौरभ कुमार, सीएसआईडीसी के एमडी श्री विश्वेश कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और पोलीमैटेक कंपनी के कर्मचारी उपस्थित थे।



# बाल विवाह की रोकथाम जरूरी - कलेक्टर

### कम उम्र में बाल विवाह करने व कराने वालों पर 2 वर्ष की सजा एवं 1 लाख की जुर्माने से दण्डित किए जाने का प्रावधान



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ की अवधारणा को साकार करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान 10 मार्च 2024 से संचालित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिला प्रशासन राजनांदगांव द्वारा जिले स्तर एवं विकासखण्ड स्तर तथा ग्राम स्तर पर निरंतर प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के अध्यक्षता में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के संबंध में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समाज प्रमुखों का जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाल का आयोजन किया गया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर, जिले के विभिन्न समाजों के समाज प्रमुख एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री अग्रवाल ने उपस्थित सभी लोगों को बाल विवाह की रोकथाम के लिए संकल्प दिलाया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा गया कि 18 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं एवं 21 वर्ष से कम उम्र के बालकों की शारीरिक एवं मानसिक विकास नहीं होने के कारण उनके जीवन में बाधाएं उत्पन्न होती है और शिक्षा अवरूद्ध होने से उनका पूरा कैरियर प्रभावित हो जाता है। इसलिए शासन द्वारा बाल विवाह की रोकथाम हेतु बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 लाया गया है। जिसके तहत जिले के किसी भी ग्राम में बाल विवाह न हो, इसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी की आवश्यकता है, ताकि जिले को बाल विवाह मुक्त बनाया जा सके। सामाजिक कुरीतियों के प्रति समाज में जागरूकता लाने की जरूरत है। बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर पहले समाज एवं ग्राम स्तर पर रोका जाए। बाल विवाह की जानकारी प्राप्त होने पर चाईल्ड हेल्प लाइन 1098 एवं महिला हेल्पलाइन 181 तथा 112 में अवश्य सूचना दे सकते हैं ताकि बाल विवाह को समय पर रोका जा सकें। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह द्वारा बताया गया कि कम उम्र में शादी होने से बच्चें कुपोषण के शिकार हो जाते है तथा अनेक बार प्रसव के दौरान शिशु मृत्यु एवं मातृ मृत्यु के खतरे बढ़ जाते है। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती गुरप्रीत कौर द्वारा समाज के पदाधिकारियों से अपील की गई कि अपने समाज में होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम में बाल विवाह रोकथाम की चर्चा हो एवं बाल विवाह नहीं करने का शपथ दिलाया जाए। जहॉं कही किसी ग्राम या समाज के लोगों को इस विषय पर जानकारी देने की आवश्यकता हो, तो विभाग को अवश्य बताएं ताकि विभाग की टीम भेजकर लोगों को जागरूक करने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों एवं प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के मुख्य प्रशिक्षक भूतपूर्व सदस्य, छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग रायपुर श्री शरद श्रीवास्तव द्वारा जानकारी दी गई कि 18 वर्ष से कम उम्र में लड़कियों तथा 21 वर्ष से कम उम्र में लड़को के विवाह बाल विवाह है। कम उम्र में बाल विवाह करने व कराने वाले, वैवाहिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होने वाले, नाचने-गाने-बजाने वाले, वैवाहिक अनुष्ठानकर्ताओं एवं बैण्ड पार्टियों तथा टेन्ट वालो इत्यादि को 2 वर्ष सजा एवं 1 लाख की जुर्माने से दण्डित किए जाने का प्रावधान बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत प्रावधानित किया गया है।

# हनुमान जयंती पर दक्षिणमुखी प्राचीन मंदिर में पूजा, रामायण कथा और प्रसाद वितरण



**खुज्जी (नांदगांव टाइम्स)।** दिनांक 12 अप्रैल हनुमान जयंती के पावन अवसर पर ग्राम राजा खुज्जी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में एक दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। विदित हो कि यह दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर अति प्राचीन है जिसमें मंदिर के ऊपर विभिन्न कलाकृतियां उकेरी गई है जो स्वयं में अद्भुत है प्राचीन मंदिरों में ही यह देखने को मिलता है। साथ ही मंदिर परिसर में गणेश जी और भैरव की मूर्ति भी स्थापित है।भक्तों का कहना है कि यहां श्रद्धा से मांगी गई हर मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। यह आयोजन हनुमान मंदिर समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से सम्पन्न हो रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: विधिवत पूजा-अर्चना एवं सुंदरकांड पाठ से होगी, तत्पश्चात श्रीराम कथा एवं रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। दिनभर चलने वाले इस धार्मिक आयोजन का समापन भंडारे के साथ किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था रहेगी। आयोजकों ने ग्रामवासियों एवं श्रद्धालुजनों से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाएं तथा हनुमान जयंती के पुण्य अवसर पर भागीदारी कर पुण्य लाभ प्राप्त करें।




**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** हनुमान जन्मोत्सव के कार्यक्रम की शुरुआत बाइक रैली निकालकर नगर के प्रथम नागरिक महापौर श्री मधुसूदन यादव व कार्यकर्ता भगवाध्वज लेकर बाइक पर सवार होकर निकले प्रभु श्री राम और हनुमान जी के जयकारे लगाते हुए नगर के प्रमुख मार्गो से बाइक रैली निकली।

# महिला के पोष्ट मार्टम के समय नहीं रहती कोई महिला डॉक्टर..



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** महिला शव पोष्टमार्टम के पहले शव का परीक्षण परिवार की महिलाओं के समक्ष पुरुष सिपाही करता है... कितना उचित है दोनों ही विभागों के लिए... बड़ा प्रश्न... 5 साल पहले है सभी ने कोविड का एक बुरा दौर देखा, सुना और पढा... उन दिनों मृत व्यक्ति की कोई औकात ही नहीं होती थी, फिर चाहे शवों को कचरा फेंकने वाली गाड़ी में ही क्यों न ढोया गया हो। लेकिन अब चीजें सामान्य हो गई है, फिर भी कुछ ऐसी तस्वीरें या मंजर सामने आ ही जाते हैं जिससे सिस्टम पर सवाल खड़े होते हैं? बात करे कल हुए एक्सीडेंट में एक 23 वर्षीय युवती के मौत के बाद कि तस्वीर की तो आज हमें देखने मिला एक हॉस्पिटल चौकी के पुरुष सिपाही ने परिवार की दो महिलाओं के समक्ष शव के परीक्षण किया। वहीं युवती के पोस्टमार्टम के समय कोई महिला डॉक्टर मौजूद नहीं थी। क्या दोनों ही विभागों के पास महिला स्टाफ नहीं हैं?जो एक युवती के शव के साथ पुरुष कर्मचारियों को लगाया गया। यानी देखा जाए तो इंसान के मरने के बाद आज भी इंसान कि कोई वेल्यू नहीं है। शासन प्रशासन को इस मामले में गंभीरता से सोचना चाहिए। इन विभागों में मानवीय दृष्टिकोण खत्म हो गया है। कल चलकर हमारे मां,बहन,बेटी के साथ भी ये हो सकता है।

## जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायत मनकी एवं तोरनकट्टा पहुंचकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने तथा जनता से सीधे संवाद करने के उद्देश्य से शहरी से लेकर ग्रामों तक सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत मनकी एवं तोरनकट्टा पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर अपनी मांगों एवं समस्याओं के समाधान तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए समाधान पेटी में आवेदन करने की अपील की। उन्होंने प्राप्त आवेदन पत्रों का अवलोकन किया। जिला पंचायत सीईओ ने ग्रामीणों को जल प्रबंधन, जल संरक्षण स्वच्छता एवं फसल चक्र परिवर्तन के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया।

# सुशासन तिहार संवाद से समाधान के लिए जिले में बहुत उत्साह

## ग्राम पंचायत तोरनकट्टा एवं मनकी में बड़ी संख्या में जनसामान्य आवेदन लेकर पहुंचे, अब तक जिले में लगभग 56988 आवेदन प्राप्त



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सुशासन तिहार संवाद से समाधान के लिए जिले में बहुत उत्साह है। ग्रामीण क्षेत्रों में जनसामान्य बड़ी संख्या में आवेदन लेकर उत्साहपूर्वक जमा करने पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार आम जनता के द्वार तक पहुंचकर उनकी समस्या के निदान करने की दिशा में कार्य करने की पहल की है। इसी कड़ी में आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत तोरनकट्टा एवं मनकी तथा कलेक्टोरेट व विभिन्न वार्डों में बड़ी संख्या में जनसामान्य आवेदन लेकर पहुंचे। आम जनता मनरेगा जॉब कार्ड, विद्युत, पेयजल, किसान क्रेडिट कार्ड, पेंशन, आवास, साफ-सफाई, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राजस्व अभिलेख में सुधार सहित विभिन्न प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन लेकर पहुंचे थे। महिलाओं एवं बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक बड़ी संख्या में आवेदन किया। अब तक जिले में लगभग 56 हजार 988 आवेदन प्राप्त हुए है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत लगभग 49 हजार 771 आवेदन तथा शहरी क्षेत्र अंतर्गत 7 हजार 217 आवेदन प्राप्त हुए हैं। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम तोरनकट्टा के 72 वर्षीय बुजुर्ग श्री मनोहर लाल चंद्राकर ने बताया कि उनका स्वास्थ्य खराब रहता है। अपनी उम्र, स्थिति और परेशानी को देखते हुए उन्होंने पेंशन के लिए आवेदन किया है। 77 वर्षीय बुजुर्ग श्री लक्ष्मण यदु ने बताया कि अब उम्र हो गई है और कोई काम भी नहीं कर पाता हूं और स्वास्थ्य खराब रहता है। इसलिए मैंने वृद्धा पेंशन के लिए आवेदन दिया है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार की जानकारी मिलने पर यह एक अच्छा अवसर लगा कि जनसामान्य अपनी बात मुख्यमंत्री तक पहुंचा सकते हैं। उन्होंने शासन के इस पहल की सराहना की। ग्राम तोरनकट्टा की श्रीमती रामौतिन बाई ने बताया कि घर कच्चा है और पानी बरसात के कारण बरामदे में सोना पड़ता है। इसलिए उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान के लिए आवेदन दिया है। ग्राम मनकी की श्रीमती गौरी बाई ने बताया कि तबियत ठीक नहीं रहती और बेटी-दामाद के यहां रहती हूं। दवाईयों के खर्च के लिए मैने निराश्रित पेंशन योजना के लिए आवेदन किया है। 74 वर्षीय सोनू निषाद ने बताया कि स्वास्थ्य ठीक नहीं होने के कारण घरेलू खर्च एवं दवाईयों के लिए निराश्रित पेंशन योजना के तहत आवेदन किया है।



# दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में एक दिवसीय कार्यशाला एवं हैंड्स ऑन ट्रैनिग कार्यक्रम का आयोजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ सुचित्रा गुप्ता के कुशल नेतृत्व एवं रसायन शास्त्र के एच ओ डी प्रो. यूनुस रज़ा बेग एवं सहायक प्राध्यापक डॉ डाकेश्वर कुमार वर्मा के मार्गदर्शन मे दिनांक 04 मार्च 2025 को रसायनशास्त्र विभाग, शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव एवं रसायन शासन विभाग शासकीय श्यामा प्रसाद मुख़र्जी महाविद्यालय, सीतापुर, जिला -सरगुजा के संयुक्त तत्वाधान में एकदिवसीय वर्कशॉप एवं हैंड्स ऑन ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया , जिसका शीर्षक वन डे वर्कशॉप एंड हैंड्स ऑन ट्रैनिग ऑन फाइटोकेमिकल एक्सट्रैक्शन एंड नैनोमटेरियल्स सिंथेसिस फ्रॉम सलेक्टेड मेडिसिनल प्लांट्स था 7 इस कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता एवं ट्रेनर के रूप मे डॉ भावना जैन, डायरेक्टर एवं सीनियर वैज्ञानिक रायपुर को आमंत्रित किया गया था. इस वर्कशॉप एवं ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में शोधपरख कार्यों के प्रति जागरूकता एवं रुचि उत्पन्न करना था । महाविद्यालय के सेंट्रल लेब मे रसायन विभाग, शासकीय श्यामा प्रसाद मुख़र्जी महाविद्यालय सीतापुर जिला सरगुजा के 17 विद्यार्थी दिनांक 24/03/25 से अपना रिसर्च प्रोजेक्ट कार्य पूरा किया , जो की एम ओ यू के अंतर्गत फैकल्टी स्टूडेंट्स का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। अपने प्रोजेक्ट रिसर्च वर्क के दौरान सीतापुर कालेज के विद्यार्थियों ने पिछले कुछ दिनो में विभिन्न शोधपरख कार्य जैसे कि: फायटोकेमिकल एनालिसिस, फायटो केमिकल एक्सट्रैक्शन, एंटी इंफ्लमैशन टेस्ट, एंटीमाइक्रोबियल एनालिसिस की बारीकीयों को सीखा. महाविद्यालय मे दुरस्त जनजातिय संभाग के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को इस तरह से ट्रेनिंग देने का कार्यक्रम का आयोजन पहली बार किया गया, जो कि अत्यंत सराहनीय पहल है। सीतापुर महाविद्यालय के विद्यार्थियों के शोध कार्य के दौरान विभिन्न विभागों का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा जिसमे रसायन शास्त्र, बायोटेक्नोलॉजी, बॉटनी एवं जूलॉजी प्रमुख है। अपने उद्बोधन मे प्राचार्या डॉ सुचित्रा गुप्ता ने कहा की भविष्य में मेरी अपेक्षा है कि इस तरह के वर्कशॉप, हैंड्स ऑन ट्रेनिंग प्रोग्राम



एवं इंटर्नशिप तथा अन्य शोध संबंधी कार्यक्रम एम ओ यू एक्टिविटी के अंतर्गत होते रहेंगे, जिससे विद्यार्थियो को लाभ मिलते रहे, जिससे दे अपनी संस्कृति से जुड़कर समाज एवं देश हित में उत्कृष्ट शोध कार्य को अनवरत जारी रख सकेंगें। कार्यक्रम के अंत मे अतुलनीय योगदान के प्राचार्या डॉ सुचित्रा गुप्ता एवं रजिस्ट्रार श्री दीपक परगनिहा को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया । उक्त कार्यक्रम के कन्वेर प्रोफेसर यूनुस रज़ा बेग एवं शासकीय एस पी एम महाविद्यालय सीतापुर के प्रोफेसर रोहित बरगाह एवं आर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ डाकेश्वर कुमार थे।

दिनांक 04 मार्च 2025 को रसायनशास्त्र विभाग, शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव एवं रसायन शासन विभाग शासकीय श्यामा प्रसाद मुख़र्जी महाविद्यालय, सीतापुर, जिला -सरगुजा के संयुक्त तत्वाधान में एकदिवसीय वर्कशॉप एवं हैंड्स ऑन ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया , जिसका शीर्षक वन डे वर्कशॉप एंड हैंड्स ऑन ट्रैनिग ऑन फाइटोकेमिकल एक्सट्रैक्शन एंड नैनोमटेरियल्स सिंथेसिस फ्रॉम सलेक्टेड मेडिसिनल प्लांट्स था इस वर्कशॉप एवं ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में शोधपरख कार्यों के प्रति जागरूकता एवं रुचि उत्पन्न करना था । महाविद्यालय के सेंट्रल लेब मे रसायन विभाग, शासकीय श्यामा प्रसाद मुख़र्जी महाविद्यालय सीतापुर जिला सरगुजा के 17 विद्यार्थी दिनांक 24/03/25 से अपना रिसर्च प्रोजेक्ट कार्य पूरा किया , जो की एम ओ यू के अंतर्गत फैकल्टी स्टूडेंट्स का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। अपने प्रोजेक्ट रिसर्च वर्क के दौरान सीतापुर कालेज के विद्यार्थियों ने पिछले कुछ दिनो में विभिन्न शोधपरख कार्य जैसे कि: फायटोकेमिकल एनालिसिस, फायटो केमिकल एक्सट्रैक्शन, एंटी इंफ्लमैशन टेस्ट, एंटीमाइक्रोबियल एनालिसिस की बारीकीयों को सीखा.महाविद्यालय मे दुरस्त जनजातिय संभाग के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को इस तरह से ट्रेनिंग देने का कार्यक्रम का आयोजन पहली बार किया गया, जो कि अत्यंत सराहनीय पहल है। सीतापुर महाविद्यालय के विद्यार्थियों के शोध कार्य के दौरान विभिन्न विभागों का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा जिसमे रसायन शास्त्र, बायोटेक्नोलॉजी, बॉटनी एवं जूलॉजी प्रमुख है। अपने उद्बोधन मे प्राचार्या डॉ सुचित्रा गुप्ता ने कहा की भविष्य में मेरी अपेक्षा है कि इस तरह के वर्कशॉप, हैंड्स ऑन ट्रेनिंग प्रोग्राम एवं इंटर्नशिप तथा अन्य शोध संबंधी कार्यक्रम एम ओ यू एक्टिविटी के अंतर्गत होते रहेंगे, जिससे विद्यार्थियो को लाभ मिलते रहे, जिससे दे अपनी संस्कृति से जुड़कर समाज एवं देश हित में उत्कृष्ट शोध कार्य को अनवरत जारी रख सकेंगें। कार्यक्रम के अंत मे अतुलनीय योगदान के प्राचार्या डॉ सुचित्रा गुप्ता एवं रजिस्ट्रार श्री दीपक परगनिहा को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम के कन्वेर प्रोफेसर यूनुस रज़ा बेग एवं शासकीय एस पी एम महाविद्यालय सीतापुर के प्रोफेसर रोहित बरगाह एवं आर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ डाकेश्वर कुमार थे।

## शाम को बाजार गए प्रधान पाठक के घर लाखों की चोरी, पुलिस विवेचना में लगी

**मामला - ग्राम पंचायत अछोली के बगदई पारा का**

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम पंचायत अछोली के बगदई पारा निवासी चेतन लाल सिन्हा पिता हरिलाल सिन्हा के सूने मकान में शाम 5:00 बजे से 8:00 के मध्य लाखों रुपए नगद व लाखों रुपए के गहने पर अज्ञात चोर ने हाथ साफकर लिया। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि, वह शासकीय प्राथमिक शाला नागतराई में प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ है। कल दिनांक 09/04/2025 के शाम करीबन शाम 05-35 बजे से रात्रि 08-00 बजे के मध्य मेरी घर के अंदर अछोली बगदई पारा में कोई अज्ञात व्यक्ति मेरे घर अंदर आलमारी में रखे लाखों रुपए नगद एवं लाखों रुपए के जेवरात पर हाथ साफ कर लिया। नगदी रकम 2,67,000 रूपये, सोने की नेकलेस दो नग वजनी 34 ग्राम कीमती 1,50,000 रूपये, एक जोड़ी सोने का झुमका वजनी 8 ग्राम कीमती 40,000 रूपये, . एक सोने का सुईधागा सेट वजनी 4 ग्राम कीमती 15,000 रूपये, . दो सोने का लाकेट कीमती 8,000 रूपये, सोने का मंगल सुत्र का पायपिंग चार नग वजनी 2 ग्राम कीमती 5,000 रूपये, . दो जोड़ी बच्चो का चांदी का पायल कीमती 5,000 रूपये, चांदी की चम्मच एवं कटोरी एक-एक नग कीमती 1,000 रूपये , 09. तीन नग बैंक पास बुक (स्कद्ध बैंक, बंधन बैंक, जिला सहकारी बैंक ) डोंगरगढ, दो नग चेक बुक (स्कद्ध बैंक, बंधन बैंक शाखा डोंगरगढ), . एक नग प्रान कार्ड, दो नग कार एवं मोटर सायकल का ऋष्ट बुक, बच्चो का आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड कुल कीमती 4,91,000 रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही चाहने हेतु दिनांक 09/04/2025 को थाना डोंगरगढ में आवेदन प्रस्तुत किया था कि आवेदन अवलोकन कर घटना स्थल पहुंचकर मौका मुआयना किया गया। प्रथम दृष्टया अपराध धारा 305(a), 331(4) बीएनएस सदर का अपराध घटित होना पाये जाने से प्रथम सूचना दर्ज कर विवेचना में लिया गया ।

## 72 सचिवो के द्वारा अनवरत 25वें दिन हड़ताल पर

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** डोंगरगांव ब्लाक के सभी 72



सचिवो के द्वारा अनवरत 25वें दिन हड़ताल पर डटे हुये है हड़ताल को और मजबूती प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश ग्राम पंचयात सचिव संघ प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा जारी किये गये हड़ताल की रूप रेखा के अनुसार आज दिनांक 11/04/2025 से क्रमिक भूख हड़ताल प्रारंभ किया गया जिसमें प्रथम दिवस ब्लाक अध्यक्ष रामदुलार साहू विजय कुमार कृष्ण कुमार शंकर लाल माहेश्वरी राजकुमारी खोबरागड़े खिलेश्वरी साहु देवप्रकाश येवेन्द्र कुमार साहु मौसमी साहू सम्मिलित रहें।

## पीएचई विभाग द्वारा अवैध रूप से टूल्लू पंप का उपयोग करने वालों पर की गई कार्रवाई

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मैदानी अमलों द्वारा द्वारा ग्रीष्म ऋतु में जिले के सभी ग्रामों में पेयजल की सतत व्यवस्था बनाये रखने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। अवैध रूप से टुल्लू पंप के माध्यम से सीधे नलों से पानी लेने वालों पर कार्रवाई की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों का निरीक्षण कर टुल्लू पंप के माध्यम से सीधे नलों से अवैध तरीके से पानी लेने वालों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जिसके परिपालन में कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से चल रहे टुल्लू पंपों पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए टीम का गठन किया है तथा पीएचई विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। आदेशानुसार पीएचई के विभागीय अमला द्वारा राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम ठेकवा एवं ककरेल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम ठेकवा के 7 तथा ककरेल के 3 घरों में टुल्लू पंप से सीधे नलों से पानी लेते पाया गया। जिस पर कार्रवाई करते हुए टुल्लू पंप को जप्त किया गया और जप्ती प्रकरण बनाकर टुल्लू पंप को ग्राम पंचायत को सुपुर्द किया गया। इसके साथ ही ग्रामीणों को ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की समस्या को देखते हुए पानी का सदुपयोग करने के लिए समझाईश भी दी गई। साथ ही पानी को व्यर्थ बहने से रोकने के लिए नलों में टोटियां भी लगाने कहा। पीएचई विभाग द्वारा पेयजल की समस्या के समाधान के लिए 24 घंटे क्रियाशील टोल फ्री नंबर 1800 2330008 जारी किया गया है। पानी की किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए ग्रामीण टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर समस्या समाधान पा सकते है।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

**Email ID -eekhaira-phe@cg.gov.in**

**// निविदा निरस्तीकरण सूचना //**

इस कार्यालय द्वारा आंमत्रित निविदा निविदा सूचना / सिस्टम क्र 25/163420 दिनांक 26/12.2024 (जी कंमाक 242504896) की निविदा को अपरिहार्य कारण से निरस्त किया जाता है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**खैरागढ़ छुईखदान गण्डई (छ.ग.)**

जी-252600189/4

# निगम मंडल नियुक्तियों से भाजपा का दलित व महिला विरोधी चेहरा पुनः उजागर - अभिमन्यु उदय मिश्रा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने कहा है कि समय समय पर भाजपा का दलित व महिला विरोधी चेहरा उजागर होता रहता है बड़े बड़े भाषण ये देते हैं किंतु दोहरा चरित्र सामने आ ही जाता है उदाहरणस्वरूप चाहे राजस्थान की बात करें जहां दलित नेता प्रतिपक्ष के राम मंदिर दर्शन के बाद मंदिर को गंगा जल से भाजपाइयों द्वारा धुलवाया जाता है, दलितों के खिलाफ 97त्न मामले भाजपा शासित 13 राज्यों में हो रहे हैं जिनमें उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान से सबसे अधिक मामले हैं, रूक्र के देवास में दलित युवक की पुलिस कस्टडी में मौत, उड़ीसा के बालासोर में आदिवासी महिलाओं को पेड़ से बांध कर पीटा गया, हरियाणा में क्र की फीस न भर पाने की वजह से दलित बच्ची को आत्महत्या के लिए मजबूर होना पड़ा, पालघर में गर्भवती आदिवासी महिला को अस्पताल के लिए 100 किलोमीटर जाना पड़ा आखिर में उसकी मौत हो गई, मुजफ्फरजगर में जातिसूचक हमलों की वजह से तीन दलित परिवार पलायन के लिए मजबूर कर दिए गए, छत्तीसगढ़ में ही हसदेव बचाने की मांग करने वाले आदिवासियों के सर फोड़े गए, महिलाओं के साथ सबसे ज्यादा अपराध भी भाजपा शासन में हुए हैं जिनमें कुलदीप सेंगर, चिन्मयानंद, बृज भूषण सिंह जैसे इनके खुद के नेताओं के नाम सामने आए बीजेपी विधायक रामदुलार गोंड पर तो



नाबालिग से बलात्कार का आरोप कोर्ट में सिद्ध हो चुका है भाजपा नेता एमएस शाह 15 साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी है, हाल ही में मध्यप्रदेश के सीधी में एक भाजपा नेत्री ने भाजपा के ही नेता पर बलात्कार का आरोप लगाया है, जिस पार्टी में ही महिलाएं सुरक्षित नहीं उस पार्टी के प्रधानमंत्री लाल किले से महिला सुरक्षा की बात करते हैं । NCRB की रिपोर्ट के अनुसार 2014 से देश में हर घंटे एक दलित, आदिवासी, महिला या बच्चे के साथ अपराध होता है, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग का कहना है कि लगातार दलितों पर अत्याचार बढ़ा है आज पिछले दो सालों से इस आयोग के भी दो पद खाली हैं जिसपर नियुक्ति न होने से दलित विरोधी शिकायतों का भी निराकरण नहीं हो पा रहा है और अब इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ शासन के निगम मंडलों की सूची भी दलित आदिवासी व महिला नेतृत्व को दरकिनार करने का काम किया गए है जिसमें अधिकांश ओबीसी व सामान्य वर्ग के लोगों को जगह दी गई है जबकि दलितों, आदिवासियों और महिलाओं का नेतृत्व नाम मात्र है उसमें भी केश कला बोर्ड में महिला को अध्यक्ष बनाने पर विरोध हो गया सुगबुगाहट यह भी है कि उपाध्यक्ष ने महिला अध्यक्ष के नीचे काम करना नहीं भाया, केवल 4 महिला व 4 एसटी नेताओं को मौका दिया गया है, दलित वर्ग के लिए इसमें कुछ भी नहीं है, खुद के बनाए नियम जिसमें चुनाव लड़े व्यक्तियों को मंडल आयोग न देने की बात कही वह भी खुद तार तार कर दिया विधायक से ले कर पार्षद चुनाव हारे हुए लोगों को स्थान दिया गया, इतना सब होने के बाद भी दलितों के हित की बड़ी बड़ी बाते करने वाले मोदी-शाह सहित राज्य के बड़े भाजपा नेता चुप्पी साधे हुए हैं आदिवासी रबर स्टांप मुख्यमंत्री बनाना भी इसी कड़ी में दलित-आदिवासियों को छलने का प्रयास मात्र है ।

# डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू जी एवं खुज्जी विधायक भोलाराम साहू जी को प्रमोशन में आरक्षण हेतु सौंपा गया ज्ञापन

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** प्रमोशन में आरक्षण का पालन कराने हेतु माननीय मुख्यमंत्री के नाम अमिताभ दुफारे जिला उपाध्यक्ष अजाक्स राजनांदगांव, लेखराम मात्रा अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ सर्व आदिवासी विकास समिति डोंगरगान चन्द्रशेखर उइके सहित साथी राजनांदगांव व अनुसुचित जाति एवं जनजाति फोरम के सदस्य कपूरचंद डोंगरे के नेतृत्व में डोंगरगढ़ विधायक माननीया श्रीमती हर्षिता



स्वामी बघेल जी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है माननीय मुख्यमंत्री महोदय जी आपके द्वारा लोकसभा चुनाव के पहले एक सभा कृषि प्रांगण मुंगेली में जनता को संबोधित करते हुए कहा था कि आरक्षण कभी खत्म नहीं होगा,गरियाबंद जिले के बिंद्रानवागढ़ विधानसभा अंतर्गत ग्राम गुरुजी भाठा में जनता को संबोधित करते हुए कहा था कि कांग्रेस आरक्षण के नाम पर जनता को गुमराह कर रही है कि आरक्षण खत्म हो जाएगा। मैं विश्वास दिलाता हूं ऐसा कुछ नही होगा। जनता उनके उनके भ्रम में न आवे, कभी आरक्षण खत्म नहीं होगा। अवगत होना चाहेंगे हैं कि छत्तीसगढ़ राज्य के आधी आबादी अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के अधिकारी कर्मचारी पिछले 6 साल से राज्य में भारत के संविधान में निहित अनुच्छेद 16(4 ए) सहपठित अनुच्छेद 335 परिपालन नहीं होने से परेशान है, इन प्रावधानो के अनुसार प्रत्येक शासकीय पदों में अनुसूचित जाति,जनजाति वर्गों के दावे होने के बावजूद पदोन्नति में आरक्षण नीति अधिसूचित नहीं की जा रही है एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्गों के दावे के अंतर्गत आने वाली पदों में गैर आरक्षित वर्गों को भरा जा रहा है। आपकी सरकार बने लगभग डेढ़ साल हो गया, आपकी सरकार में भी हमारी कोई सुनवाई नहीं है। आपके प्रशासन में कई बार जिम्मेदार अधिकारियों के समक्ष पदोन्नति में आरक्षण नीति लागू करने आवेदन, निवेदन कई बार कर चुके हैं,इसके बावजूद हमारी आवाज सुनी नहीं जा रही है। माननीय मुख्यमंत्री जी बताएंगे कि क्या राज्य की आधी आबादी की संवैधानिक मांगों को दरकिनार करने से सुशासन स्थापित हो जाएगा ? संविधान में समुचित प्रावधान होने के बावजूद भी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन राज्य में नहीं हो पा रहा है,इसे क्या समझा जाए। राज्य में तानाशाही जैसा माहौल बनते जा रहा है,जनता की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। शासन प्रशासन की हठधर्मिता से से राज्य के अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के लोग परेशान है एवं अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। आप खुद अनुसूचित जनजाति वर्ग से ताल्लुक रखते हैं एवं आरक्षित कोटे से विधायक बनकर विधानसभा पहुंचे हैं एवं संविधान में मौजूद राजनैतिक प्रतिनिधित्व के अधिकार,जो अनुसूचित जाति,जनजाति वर्गों के लिए विशेष आरक्षित सीट का प्रावधान का अधिकार है,जिसके बदौलत आप कई बार सांसद रहे हैं और अभी आप छत्तीसगढ़ राज्य में बतौर मुख्यमंत्री पद को सुशोभित कर रहे हैं। क्या हम अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के लोग केवल वोट बैंक है,चुनाव के ठीक पहले आरक्षण लागू करने, आरक्षण खत्म नहीं करने से संबंधित बड़े-बड़े बयान विभिन्न सभाओं में देते आए है।लेकिन बड़ी दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि जैसे ही चुनाव खत्म होता है,आरक्षण से संबंधित तमाम नीतियों पर रोक लगा दी जाती है। यदि वास्तव में आपकी सरकार जनता के प्रति जवाबदेह है और योजनाओं का उचित क्रियान्वयन आम जनता तक करवाना चाहती है एवं संविधान को उचित तरीके से पालन करवाना चाहती है तो आपसे आग्रह है, कृपया संविधान में निहित अनुच्छेद 16 (4 ए) एवं अनुच्छेद 335 के परिपालन में तत्काल अनुसूचित जाति, जनजाति वर्गों के संवैधानिक हितों से संबंधित परिणामी वरिष्ठता सहित पदोन्नति में आरक्षण नीति अधिसूचित करें एवं राज्य शासन के विभिन्न विभागों में प्रक्रियाधीन पदोन्नति के पदों में आरक्षण खत्म करने का खेल बंद हो।

## नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल.जयस्तंभ चौक ब्रांच में नए शिक्षण सत्र आरंभए बच्चे हुए प्रफुल्लित

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल.




जयस्तंभ चौक ब्रांच में नया शिक्षण सत्र 1 अप्रैल से आरंभ हुआ हुआ। इस अवसर बच्चों में उत्साह एवं खुशी देखते ही बनी। नए शिक्षण सत्र के शुरूआत की पहली कड़ी में नर्सरी से केजी.2 तक के सभी बच्चों के बीच हनुमान चालिसा के पाठ पश्चात् तिलक लगाकर व मिठाई वितरण कर शाला में प्रवेशित किया गया तथा बच्चों को पुरे सत्र में उनकी पढ़ाईए खेल.कूद एवं निर्धारित गतिविधियों से अवगत कराया गया साथ ही साथ बच्चों को नई कक्षाओं में प्रवेशित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। इस शुभ अवसर पर संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयीए श्रीमती सोनल बाजपेयीए द्वारा माँ सरस्वती के तैलचित्र में माल्यार्पणए दीप प्रज्ज्वलित व सरस्वती वंदना कर किया गया। उक्त अवसर पर संस्था के डायरेक्टर श्री बाजपेयी द्वारा बच्चों को शुभकामनाएं एवं अशीर्वचन दिया गया। श्री बाजपेयी ने पालकों का आभार जताते हुए अपने उद्बोधन में पालकों को आश्वस्त कराया कि संस्था सदैव आपके बच्चों का उचित मार्गदर्शन एवं शिक्षा के साथ संस्कार देने हेतु पूर्ण जिम्मेदार है। नयी शिक्षा नीति के तहत बच्चों का समग्र विकास व गुणवत्ता एवं संस्कारयुक्त शिक्षा का उचित वातावरणए शाला द्वारा दिया जायेगा। इस आयोजन में पालकों में हर्ष का माहौल देखते ही बना। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टरगणए सुश्री कुंतल बाजपेयीए श्रीमती रेणु बाजपेयी आदि सहित एचएमण् श्रीमती स्नेहा तिवारीए स्कूल की शिक्षिकाएंए स्टाफगण एवं पालकों की भी उपस्थिति रही।

**शुभांक**
**4-5-6**
**345-2 238-3**
**भाग्यांक**
**369-8 148-3**

**आम सूचना**

मै कृपा राम मंडावी पिता मेहतरू राम मंडावी निवासी ग्राम रूसे तहसील खैरागढ जिला केसीजी (छ.ग.) का रहने वाला हुं। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम त्रृटि वश कृपाराम मंडावी हो गया है जबकि मेरा वास्ताविक नाम अंक सूची मे कृपा राम मंडावी है। वही आधार कार्ड मेरे नाम के अंग्रेजी वर्ड में मेरा नाम kruparam madavi हो गया है जबकि अंक सूची मे मेरा नाम Kripa ram mandvi अंकित है। जिसे सुधार करना चाहता हूं।

इसी प्रकार मेरा जन्म 05/01/1994 को ग्राम रूसे मे हुआ था। और स्कूली शैक्षणिक प्रमाण पत्र में भी जन्म तिथि 05/01/1994 ही अंकित है लेकिन आधार कार्ड में त्रृटि वश में जन्म तिथि 01/01/1994 हो गया है। जिसे मै अपने अंक सूची के आधार पर सुधार करना चाहता हूं जिसे राजपत्र मे प्रकाशन की आवश्कता है।

अतः यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हुं।

दिनांक 11/04/2025

**कृपा राम मंडावी पिता मेहतरू राम मंडावी निवासी ग्राम रूसे तहसील खैरागढ़ जिला केसीजी (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान - गण्डई (छ0ग0)**

**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र.-202504291500006
शीर्ष- अ-6 वर्ष 2024-25
क्रमांक 2007 /वा. नजूल / 2025
खैरागढ़, दिनांक 09/04/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका समीक्षा सिंह आ0 केशर बहादुर सिंह निवासी वार्ड कमांक-04 राजफैमिली वार्ड खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा नगर खैरागढ़ मोहल्ला सिविल लाईन ब्लाक नं. 01 स्थित भूखण्ड कमांक 218 सम्मिलित भूखण्ड कमांक-219, 220 रकबा क्रमशः 855 वर्गफूट, 1915 वर्गफूट, 1850 वर्गफूट भूमि खातेदार तारकेश्वर सिंह एवं करूणेश्वर दोनों पिता केशर बहादुर सिंह के संयुक्त नाम पर दर्ज है। खातेदारों का फौत हो जाने के कारण उक्त वादभूमि पर आवेदिका/विधिक वारिसानों द्वारा फौती नामांतरण किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वाद भूमि संबंधी अभिलेख पर आवेदक सहित विधिक वारिसान का नाम पर नामांतरण किये जाने में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति/आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

**नजूल अधिकारी खैरागढ़-छुईखदान - गण्डई**

# भाजपा मंडल कुमर्दा में हुआ सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश व जिला राजनांदगाव के निर्देशानुसार कुमर्दा मंडल के नेतृत्व में वृहद कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया , कार्यक्रम में मुख्यवक्ता दिनेश गांधी कैलाश शर्मा उपस्थित थे मंडल अध्यक्ष हिरदे राम देवांगन द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया उन्होंने सभी भाजपा कार्यकर्ता को बधाई देते हुए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर वक्ताओं द्वारा दी गई जानकारी को जनता तक पहुँचाने का आह्वान किया तथ पश्चात मुख्य वक्ता श्री गांधी द्वारा भाजपा के स्थापना दिवसके विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा भाजपा का इतिहास एवं विकास-के बारे में गांधी ने बताया भारतीय जनता पार्टी का गठन 6 अप्रैल , 1980 को हुआ, परंतु इसका इतिहास भारतीय जनसंघ से जुड़ा हुआ है स्वतंत्रता प्राप्ति व देश विभाजन के बाद देश में एक नई राजनीति शुरू हुई , गांधी जी के हत्या के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक



संघ पर प्रतिबंध लगा कर राजनीतिक षड्यंत्र रचा गया जब संघ को राजनीतिक रूप से निशाना बनाया गया तब ऐसी स्थिति में राजनीतिक दल की आवश्यकता महसूस की जाने लगी तब डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में 19 अक्टूबर 1951 में जनसंघ की स्थापना हुई और मुखर्जी जी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रीय अखंडता के मुद्दों पर जंग छेड़ा गया तभी मुखर्जी जो को कश्मीर जेल में डाल दिया गया जिसकी रहस्यमई मृत्यु हो गई तब इस पार्टी को सशक्त बनाने के लिए पं दीनदयाल उपाध्याय ने पार्टी को संभाला तब भारत - चीन युद्ध पर जनसंघ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और राष्ट्रीय सुरक्षा पर नेहरू सरकार का विरोध किया जिसके फ्लस्वरूप सन 1967 में विभिन्न राज्यो के विधान सभा चुनाव में कांग्रेस को पराजय किया। जब इंदिरा गांधी 18 जनवरी 1977 को दूसरा आपातकाल लगाया तब जयप्रकाश के अववाहन पर नए जनता पार्टी का गठन किया गया परंतु जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में स्वयं सेवक संघ होने पर प्रतिबंध लगाया गया तब भारतीय जनसंघ ने इसका विरोध किया और जनता पार्टी से अलग होकर 6 अप्रैल 1980 को नए संगठन भारती जनता पार्टी का स्थापना हुआ और भाजपा ने भारत के निर्माण में निरंतर स्क्रीय रहा भाजपा ने पं दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानववाद को अपनाया तथा भारतीय राजनीति में भाजपा का योगदान लोकतंत्र विकाश एव रक्षा भाजपा का विचार धारा व सुशासन पर विस्तृत रूप से जानकारी दी । गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 11 साल की उपलब्धियों को संबोधित करते हुए बताया कि मोदी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए संघ संचालक से लेकर गुजरात के मुख्यमंत्री रह कर पूरे देश में गुजरात मॉडल की चर्चा हुआ तब मोदी जी 2014 प्रधानमंत्री बने और कई बड़े फ़ैसले लिए जैसे 550 साल की लड़ाई के बाद 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर का निर्माण हुआ,

## ज्ञान मंथन

*1) किस उभारदार मूर्तिशिल्प शिलालेख में अशोक के प्रस्तर रूपचित्र के साथ राण्यो अशोक (राजा अशोक) उल्लिखित है?*
*2) संविधान का कौन सा भाग है जो संविधान के निर्माताओं के मस्तिष्क और उद्देश्यों को प्रतिबिंबित करता है?*
*3) भूमध्य रेखा, कर्क रेखा और मकर रेखा तीनों किस एक महाद्वीप से गुजरती है?*
*4) भारत में विदेशी विनिमय संचय का रख-रखाव किसके द्वारा किया जाता है?*
*5) हाल ही में समाचारों में उल्लिखित क्रिस्टल मेज 2 बैलिस्टिक मिसाइल क्या है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) कंगनहल्ली (2) राज्य के नीति निदेशक तत्व (3) अफ्रीका महाद्वीप (4) भारतीय रिजर्व बैंक (5) बैलिस्टिक मिसाइल

## सड़क हादसे में नाबालिक युवती गंभीर रूप से घायल

**घटना - ग्राम पंचायत अछोली के बगदई पारा की**

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम अछोली - मोतीपुर मार्ग पर स्थित बगदई पारा चौक के पास मोटरसाइकिल सवार नाबालिक युवती सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे प्राथमिक उपचार के पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अछोली में पदस्थ डॉक्टर द्वारा राजनंदगांव रेफर किया गया। घायल युवती का नाम भूमिका वर्मा पिता कहरलाल वर्मा निवासी ग्राम छिपा बताया गया है। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार युवती अपने मित्र के साथ मोटरसाइकिल में डोंगरगढ़ की ओर जा रही थी। विपरीत दिशा में आ रही ट्रक से टकरा जाने के कारण युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे पेट के नीचे भाग पर गंभीर चोट आने के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी में उपस्थित डॉक्टर द्वारा त्वरित प्राथमिक उपचार करते हुए उसे राजनांदगांव रेफर किया गया। मोटरसाइकिल चालक को किसी प्रकार की चोट नहीं आई।



## इंडिया टीम के कैंप हेतु शहर की महक का चयन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव की प्रतिभाशाली बालिका खिलाड़ी महक नरवासे का चयन बीसीसीआई में भारतीय टीम अंडर-19 के गठन हेतु होने वाले विशेष कैंप एनसीए के लिए हुआ है । महक नरवासे इस साल बीसीसीआई द्वारा आयोजित अंतर राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने शानदार प्रदर्शन से चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया है । इस वर्ष महक नरवासे छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की टीम की कप्तान भी है । एनसीए कैंप में चयनित होने वाली महक नरवासे छत्तीसगढ़ की पहली बालिका खिलाड़ी बनी है । बीसीसीआई ने छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ को पत्र लिखकर यह सूचित किया है कि राज्य की बालिका खिलाड़ी महक नरवासे को एनसीए द्वारा अहमदाबाद में आयोजित कैंप जो 25 अप्रैल से 31 मई 2025 तक होने जा रहा है ,इसमें शामिल होने चयन किया गया है । इस कैंप में देशभर से कुछ चयनित महिला खिलाड़ियों को बीसीसीआई के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा, तत्पश्चात भारतीय टीम का गठन होगा । इस वर्ष बालकों की कैटेगरी में भी अंडर-19 भारतीय टीम के गठन हेतु जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव के ही विकल्प तिवारी इन दिनों एनसीए कैंप में ही गुजरात में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं । इस दोहरी सफलता पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारीयों एवं सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दोनों ही खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है ।




## डॉ. भीमराव आम्बेडकर जंयती, 14 अप्रैल को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राज्य शासन के निर्देशानुसार डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में 14 अप्रैल 2025 दिन सोमवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णत: प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है।

# भक्ति , शक्ति और ऊर्जा के प्रतीक हैं हनुमानजी

**अरविन्द तिवारी**

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** हिन्दू धर्म की मान्यताओं के अनुसार श्रीराम भक्त संकटमोचन हनुमान का प्राकट्य चैत्र पूर्णिमा को मंगलवार के दिन चित्रा नक्षत्र और मेष लग्न के योग में हुआ था। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आज हनुमानजी का प्रकटोत्सव है और आज हनुमानजी को समर्पित शनिवार का दिन पड़ने से इसका महत्व और भी बढ़ गया है। शास्त्रों में कहा गया है कि हनुमानजी आज भी पृथ्वी पर वास करते हैं , इन्हें चिरंजीवी होने का वर प्राप्त है। हनुमानजी का जन्म ऋषियों के वरदान से पिता वानर राज केसरी और माता अंजनी के घर हुआ। ज्ज् राम काज कीन्हें बिनु , मोहिं कहां विश्रामज्ज् ये दोहा बताता है कि राम के लिये ही श्री हनुमानजी अवतार लेते हैं। भगवान श्रीरामजी एक ओर जहां विष्णु के अवतार हैं तो श्री हनुमानजी ग्यारहवें रुद्रावतार हैं। बिना हनुमान की भक्ति के रामभक्ति पाना असंभव है। हनुमत प्राकट्योत्सव के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये अरविन्द तिवारी ने बताया कि भगवान विष्णु को रामावतार के समय सहयोग करने के लिये रूद्रावतार हनुमानजी प्रकट हुये थे। सीता खोज , रावण युद्ध , लंका विजय में हनुमानजी ने अपने प्रभु श्रीराम की पूरी मदद की , उनके जन्म का उद्देश्य ही राम भक्ति था। हनुमान जी सभी लोकों में सबसे शक्तिशाली हैं और उन्हें शक्ति और ऊर्जा के प्रतीक के रूप में पूजा जाता है। वे रामायण के प्रमुख पात्रों में से एक हैं जो भगवान राम के समर्पित शिष्य बने। रामायण में हनुमान की शक्ति और वीरता के बारे में कई संदर्भ मौजूद हैं। हनुमान के बिना , भगवान राम रावण के खिलाफ अपनी लड़ाई में सफल नहीं होते और सीता को उनकी कैद से नहीं निकाल पाते। इसलिये लोग हनुमान को भक्ति , शक्ति और ऊर्जा के प्रतीक के रूप में पूजते हैं और नकारात्मक शक्तियों को दूर करने के लिये जादुई शक्तियां रखते हैं। हनुमान जी को भगवान शिव का ग्यारहवां रुद्र अवतार माना जाता है और उन्हें शक्ति , ज्ञान , वीरता , बुद्धिमत्ता और निस्वार्थ सेवा के प्रतीक के रूप में पूजा जाता है। ऐसा माना जाता है कि वे जीवन भर ब्रह्मचर्य का पालन करने वाला अमर हैं और सभी प्रकार के नकारात्मक प्रभावों या प्रलोभनों को रोकने की शक्ति रखते हैं। जिसने अपना जीवन भगवान राम और सीता के लिये समर्पित कर दिया। उसने बिना किसी उद्देश्य के कभी भी अपनी ताकत या वीरता नहीं दिखायी। हनुमानजी में बुराई के खिलाफ जीत हासिल करने और सुरक्षा प्रदान करने की क्षमता है। हनुमानजी की उपासना के लिये आज के दिन बहुत ही उत्तम माना गया है। इस दिन हनुमान मंदिरों में भक्तों का भारी जमावड़ा लगता है। लोग विधि विधान से प्रभु श्रीराम के परम भक्त हनुमानजी को प्रसन्न करने की कोशिश करते हैं। कहा जाता है आज के दिन विधि अनुसार हनुमानजी की पूजा करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। इस दिन भगवान राम की पूजा-अर्चना करने से भी हनुमानजी प्रसन्न होते हैं। हनुमान प्राकट्योत्सव पर भगवान राम की पूजा किये बिना हनुमानजी की पूजा अधूरी मानी गई है। सात चिरंजीवियों में एक श्री हनुमानजी की साधना कलयुग में सबसे अधिक की जाती है। देश का शायद ही ऐसा कोई कोना होगा जहाँ पर अष्ट सिद्धि के दाता की श्रीहनुमानजी की पूजा ना की जाती हो। हनुमानजी संकटमोचन हैं जिनका सुमिरन करने मात्र से ही बड़े से बड़े संकट और दु:ख दूर हो जाते हैं। वहीं संतान प्राप्ति के लिये भी हनुमान जयंती का विशेष महत्व है। धार्मिक ग्रंथों की मानें तो इस दिन बजरंगबली की पूजा के साथ सूर्य देव को अर्घ्य देने व पूजन करने से नि:संतान को संतान की प्राप्ति होती है और संतान संबंधी सभी समस्याओं का निवारण होता है। इस दिन कुछ विशेष उपाय कर आप ग्रहों के नकारात्मक प्रभाव को दूर कर सकते हैं। इतना ही नहीं शिक्षा , व्यापार व नौकरी के क्षेत्र में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिये भी हनुमानजी की पूजा विशेष फलदायी मानी जाती है। पौराणिक कथाओं में कहा गया है कि अगर शनि को शांत करना है तो भगवान श्री हनुमानजी को प्रसन्न करना चाहिये। ऐसा इसलिये कहा गया है कि जब हनुमानजी ने शनिदेव का घमंड तोड़ा था तब सूर्यपुत्र शनिदेव ने हनुमानजी को वचन दिया है कि उनकी भक्ति करने वालों की राशि पर आकर भी वे कभी उन्हें पीड़ा नहीं देंगे। ऐसी मान्यता है की हनुमान जयंती के दिन जो भी व्यक्ति हनुमानजी की भक्ति और दर्शन करता है, उसके सभी दुख-दर्द दूर हो जाते हैं। कहा जाता है कि आज के दिन शुभ मुहूर्त में हनुमानजी के आगे चमेली के तेल का दीपक जलायें और हनुमानजी को चोला चढ़ाना चाहिये , ऐसा करने से आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। हनुमानजी की मूर्तियों पर सिंदूर और चांदी का वर्क चढाने की परम्परा है।? कहा जाता है रामजी की लम्बी उम्र के लिये एक बार हनुमानजी ने अपने पूरे शरीर पर सिंदूर चढ़ा लिया था और इसी कारण उन्हें और उनके भक्तों को सिंदूर चढ़ाना बहुत अच्छा लगता है जिसे चोला कहते है। शनि देव की साढ़ेसाती , शनि की ढैय्या या फिर शनि की महादशा के कारण जीवन में परेशानियां बनी हुई है या दांपत्य जीवन में कलह , तलाक की स्थिति , व्यापार में हानि , शिक्षा और करियर आदि से जुड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है तो आज के दिन हनुमानजी का षोडशोपचार पूजन आराधन बहुत ही उत्तम है। हनुमानजी को प्रसन्न करने का सबसे आसान उपाय है भगवान राम के नाम का सुमिरन करना। हनुमानजी भगवान राम के परम भक्त हैं और जो व्यक्ति श्रीराम नाम का सुमिरन करता रहता है , उस पर हनुमान जी विशेष कृपा करते हैं। हनुमान जयंती के दिन हनुमान चालीसा के अलावा सुंदरकांड , बजरंग बाण , हनुमानाष्टक का पाठ कराने से शुभ होता है , इससे कई प्रकार के दोषों और संकटों से मुक्ति मिलती है। जो लोग सुंदरकांड का पाठ कराते हैं उनके जीवन में कोई परेशानी नहीं होती हैं। इसके अलावा ग्यारह बार च्चॐ हनुमते नम:ज्ज् या च्चॐ अंजनेयाय विद्महे वायुपुत्राय धीमहि। तन्नो हनुमत प्रचोदयात ज्ज् इन हनुमान मंत्रों का जाप करना चाहिये। हनुमानजी को प्रसन्न करने का सबसे आसान उपाय है भगवान राम के नाम का सुमिरन करना। हनुमानजी भगवान राम के परम भक्त हैं और जो व्यक्ति श्रीराम नाम का सुमिरन करता रहता है , उस पर हनुमान जी विशेष कृपा करते हैं।



### आज हनुमत प्राकट्योत्सव विशेष

## रॉयल किड्स कान्वेंट के चौबे ब्रदर्स ने शैक्षिक और खेल दोनों क्षेत्र में हासिल की नई ऊँचाइयाँ

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** लालबाग स्थित रॉयल किड्स कान्वेंट, जो कि शहर का एकमात्र CISCE बोर्ड स्कूल है ने अपनी वार्षिक परीक्षाओं के परिणामों की घोषणा की। इस बार कक्षा पांचवीं के छात्र दक्ष चौबे ने 99.22 प्रतिशत अंक प्राप्त किया, जबकि कक्षा चौथी के छात्र अमल चौबे ने 95.68 त्न प्रतिशत अंक प्राप्त किया। चौबे बंधु दक्ष और अमल ने न केवल अपनी शैक्षिक उपलब्धियों से स्कूल का नाम रोशन किया, बल्कि खेल के क्षेत्र में भी कई महत्वपूर्ण मुकाम हासिल किए हैं। बड़े भाई दक्ष चौबे ने शतरंज में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है और इसके अलावा, वह हॉकी में छत्तीसगढ़ राज्य में सबसे कम उम्र के राष्ट्रीय खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने बेस्ट स्ट्राइकर का पुरस्कार भी जीता है और गोलकीपर की भूमिका में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। छोटे भाई अमल चौबे भी शतरंज के राष्ट्रीय खिलाड़ी हैं और खेल के क्षेत्र में अनेक पुरस्कार प्राप्त कर चुके है। अमल को स्कूल में 'बेस्ट प्लेयर इन प्राइमरी' के अवार्ड से नवाजा गया। इसके अलावा, क्रिकेट में राजनांदगांव प्रिमियर लीग -14 ड्यूस बाल (50 ओवर) में इमर्जिंग प्लेयर का अवार्ड प्राप्त किया। हॉकी में स्टेट लेवल टूर्नामेंट में उन्हें 'मोस्ट इंटेलिजेंट प्लेयर ' का पुरस्कार मिला। दक्ष और अमल चौबे की यह शानदार सफलता उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उनके इस अद्वितीय प्रदर्शन ने न केवल अपने परिवार, बल्कि स्कूल और समुदाय का भी गौरव बढ़ाया है। दक्ष अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ि एवं nis कोच मृणाल चौबे का भतीजा एवं अमल चौबे पुत्र है।




## शासकीय संस्थान दौरा कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम देवडोंगर के आंगनवाड़ी में किया गया दौरा

**ठेलकाडीह ( नांदगांव टाइम्स )।** भाजपा तिलई मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोईरा जी के नेतृत्व में आंगनबाड़ी के बच्चों को वितरण किया गया काजू किसमिस बादाम का पैकेट ग्राम देवड़ोंगर में जिला पंचायत सदस्य जनपद सदस्य मंडल के अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने आंगनबाड़ी के बच्चों को काजू किशमिश बदाम केले का वितरण किया गया। मंडल अध्यक्ष सोनबोईर ने कुपोषण संबंधित जानकारी ग्राम के महिलाएं को दिया साथ में आंगनबाड़ी में वितरण होने वाली रेडी तो ईट फूड के बारे में बताया द्य इस मौके पर जिसमे उपस्थित रहे जिला पंचायत सभापति शिला टाकेश सिंह , जनपद उपाध्यक्ष अनीता डीगेन्द्र सिन्हा , क्षेत्रीय जनपद सदस्य मंजू चंदेल , तिलई मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोईर , सोसाइटी अध्यक्ष रामकुमार वर्मा , राकेश साहू , यशवंत वर्मा , हेमंत लहरे , सरपंच सेवता जी , ग्राम पटेल रिखीराम मांडवी, सन्नी साहू जी, रिखी राम सेन व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## स्वच्छता सर्वेक्षण - ओडीएफप्लस प्लस एवं कचरा मुक्त शहर के लिये आयुक्त ने ली बैठक

**खुले में शौच रोकने, कचरा संग्रहण स्थल साफसुधरा रखने के दिए निर्देश**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहरों में स्वच्छता का आकलन करने आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण के लिये निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा आज स्वास्थ्य एवं तकनीकि विभाग की संयुक्त बैठक लेकर खुले मे शौच मुक्त व कचरा मुक्त शहर के लिये संयुक्त कार्य योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बैठक मे कहा कि आगामी दिनों मे स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत खुले में शौच मुक्त एवं जी.एफसी. के लिये केन्द्रीय स्वच्छता टीम आने वाली है, जिसे ध्यान मे रखकर पूर्व में स्वच्छता सर्वेक्षण हेतु किये गये कार्य की तरह सभी को मिलकर कार्य करना है। उन्होंने स्वच्छता दीदीयों से वर्दी, दास्ताने, तथा अन्य सुरक्षा उपकरण की जानकारी लेकर कहा कि अपनी सुरक्षा पहले करनी है, तभी शहर को स्वच्छ एवं साफ सुथरा रखा जा सकता है। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा से कहा कि सफाई कर्मियों को सभी आवश्यक उपरण उपलब्ध करावे तथा गाडियों की स्थिति की जानकारी लेकर खराब गाडी को जल्द मरम्मत कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सफाई कर्मियों के लिये स्वच्छता के प्रति प्रेरणा संबंधी कार्यशाला आयोजित करने कहा। आयुक्त ने सार्वजनिक एवं व्यवसायिक स्थल में लगे डस्टबिनो की स्थिति की जानकारी लेकर तकनीकि अधिकारियों से कहा कि अपने अपने क्षेत्र में जहॉ डस्टबिन नहीं लगा है वहा डस्टबिन लगाया जाए, जहॉ मरम्मत की आवश्यकता है वहा मरम्मत करें। उन्होंने कहा कि डस्टबिन का उपयोग सडक सफाई के दौरान एकत्रित कचरा डालने न किया जावे। उन्होंने स्वच्छता दीदीयों से कहा कि घर से ही अलग अलग कचरा ले,उन्हें गिला सुखा कचरा अलग अलग देने जागरूक करे, वाहनों में स्वच्छता संबंधी जागरूकता संदेश बजावे। आयुक्त ने कचरा संग्रहण स्थल के संबंध में कहा कि स्थल में व्यवस्थित कचरा एकत्रित कर उसका निपटान करे। उक्त स्थल पर आवश्यक संकेत बोर्ड लगावे, कि कचरा यहा न फेके। झिल्ली पन्नी व कचरा फैले स्थलो को चिन्हाकित कर, साफसफाई कर फेकने वालो को समझाईस देकर जुर्माना लगावे। सडक एवं नाली नालो की प्रभावी ढंग से सफाई की जावे। शहरी हरियाली एवं स्वच्छ सडक के लिये प्रमुख मार्गो जैसे गंज चौक रोड, कमला कालेज रोड,मोतीपुर रोड, सनसिटी डी-मार्ट रोड, रिद्धी सिद्धी कालोनी की सडक के अलावा अन्य प्रमुख सडकों जहॉ डिवाईडर, हरियाली आदि हो, वहॉ साफ सफाई का उचित प्रबंधन हो, जिससे उक्त क्षेत्र स्वच्छ एवं हरा भरा दिखे।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने थोक कचरा उत्पादक क्षेत्र जैसे बाजार, होटल के अलावा स्कूल, कालेज व सार्वजनिक क्षेत्र में भी समुचित साफसफाई के निर्देश दिये। उन्होंने सार्वजनिक सामुदायिक शौचालयों के शेष मरम्मत कार्य जल्द पूर्ण कराने तथा वहॉ आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने तकनीकि अधिकारियों को निर्देशित किये। वही खुले मे शौच को पूरी तरह रोकने श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र लखोली, सागर पारा, इंदिरा नगर, राजीव नगर के अलावा अन्य क्षेत्रों में सफाई कर्मी व स्वच्छता दीदी जाकर लोगों से रूबरू हो जन जागरूकता लावे, तालाबो व जल निकासी वाले क्षेत्रों की नियमित साफ सफाई किया जावे, कचरा संग्रहण केन्द्र एवं टेंचिंग ग्राउण्ड में कचरे का नियमित रूप से निपटान किया जावे।



## धर्म समाचार....

## हनुमान जन्मोत्सव पर करें हनुमान चालीसा का पाठ और आरती, बन जाएंगे सारे बिगड़े काम



हनुमान जन्मोत्सव पर करें हनुमान चालीसा का पाठ और आरती, बन जाएंगे सारे बिगड़े काम

वैदिक पंचांग के अनुसार 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव है। यह पर्व हर साल चैत्र पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर राम परिवार संग हनुमान जी की पूजा की जाती है। भगवान श्रीराम की पूजा करने से साधक पर हनुमान जी की कृपा बरसती है। उनकी कृपा से साधक को सभी संकटों से मुक्ति मिलती है।

चैत्र पूर्णिमा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी को समर्पित होता है। इस शुभ अवसर पर राम परिवार संग हनुमान जी की पूजा की जाती है। साथ ही मनचाहा वरदान पाने के लिए व्रत रखा जाता है। इस व्रत को करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही साधक पर हनुमान जी की विशेष कृपा बरसती है। उनकी कृपा से जीवन में मंगल का आगमन होता है। ज्योतिष भी करियर और कारोबार में सफलता पाने के लिए हनुमान जी की पूजा करने की सलाह देते हैं। हनुमान जी की पूजा करने से कुंडली में मंगल ग्रह मजबूत होता है। कुंडली में मंगल मजबूत होने से जातक ऊर्जावान रहता है। साथ ही करियर और कारोबार में ऊंचा मुकाम हासिल करता है।



अगर आप भी हनुमान जी कृपा पाना चाहते हैं, तो हनुमान जन्मोत्सव पर भक्ति भाव से बजरंबली की पूजा करें। साथ ही पूजा के समय हनुमान चालीसा का पाठ करें।

**हनुमान चालीसा**

॥ दोहा ॥
श्री गुरु चरन सरोज रज,निज मनु मुकुर सुधारि।
बरनउं रघुबर विमल जसु,जो दायकु फल चारि॥
बुद्धिहीन तनु जानिकै,सुमिरौं पवन-कुमार।
बल बुद्धि विद्या देहु मोहिं,हरहु कलेश विकार॥

**॥ चौपाई ॥**
जय हनुमान ज्ञान गुण सागर। जय कपीस तिहुँ लोक उजागर॥
राम दूत अतुलित बल धामा। अंजनि-पुत्र पवनसुत नामा॥
महावीर विक्रम बजरंगी। कुमति निवार सुमति के संगी॥
कंचन बरन बिराज सुवेसा। कानन कुण्डल कुंचित केसा॥
हाथ वज्र औ ध्वजा बिराजै। काँधे मूँज जनेऊ साजै॥
शंकर सुवन केसरीनन्दन। तेज प्रताप महा जग वन्दन॥
विद्यावान गुणी अति चातुर। राम काज करिबे को आतुर॥
प्रभु चरित्र सुनिबे को रसिया। राम लखन सीता मन बसिया॥
सूक्ष्म रुप धरि सियहिं दिखावा। विकट रुप धरि लंक जरावा॥
भीम रुप धरि असुर संहारे। रामचन्द्र के काज संवारे॥
लाय सजीवन लखन जियाये। श्रीरघुवीर हरषि उर लाये॥
रघुपति कीन्ही बहुत बड़ाई। तुम मम प्रिय भरतहि सम भाई॥
सहस बदन तुम्हरो यश गावैं। अस कहि श्री पति कंठ लगावैं॥
सनकादिक ब्रह्मादि मुनीसा। नारद सारद सहित अहीसा॥
जम कुबेर दिकपाल जहां ते। कवि कोबिद कहि सके कहां ते॥
तुम उपकार सुग्रीवहिं कीन्हा। राम मिलाय राज पद दीन्हा॥
तुम्हरो मन्त्र विभीषन माना। लंकेश्वर भये सब जग जाना॥
जुग सहस्त्र योजन पर भानू। लील्यो ताहि मधुर फल जानू॥
प्रभु मुद्रिका मेलि मुख माहीं। जलधि लांघि गए अचरज नाहीं॥
दुर्गम काज जगत के जेते। सुगम अनुग्रह तुम्हरे तेते॥
राम दुआरे तुम रखवारे। होत न आज्ञा बिनु पैसारे॥
सब सुख लहै तुम्हारी सरना। तुम रक्षक काहू को डरना॥
आपन तेज सम्हारो आपै। तीनों लोक हांक तें कांपै॥
भूत पिशाच निकट नहिं आवै। महावीर जब नाम सुनावै॥
नासै रोग हरै सब पीरा। जपत निरंतर हनुमत बीरा॥
संकट ते हनुमान छुड़ावै। मन क्रम वचन ध्यान जो लावै॥
सब पर राम तपस्वी राजा। तिन के काज सकल तुम साजा॥
और मनोरथ जो कोई लावै। सोइ अमित जीवन फल पावै॥
चारों जुग परताप तुम्हारा। है परसिद्ध जगत उजियारा॥
साधु सन्त के तुम रखवारे। असुर निकन्दन राम दुलारे॥
अष्ट सिद्धि नवनिधि के दाता। अस बर दीन जानकी माता॥
राम रसायन तुम्हरे पासा। सदा रहो रघुपति के दासा॥
तुम्हरे भजन राम को पावै। जनम जनम के दुख बिसरावै॥
अन्तकाल रघुबर पुर जाई। जहाँ जन्म हरि-भक्त कहाई॥
और देवता चित्त न धरई। हनुमत सेई सर्व सुख करई॥
संकट कटै मिटै सब पीरा। जो सुमिरै हनुमत बलबीरा॥
जय जय जय हनुमान गोसाई। कृपा करहु गुरुदेव की नाई॥
जो शत बार पाठ कर कोई। छूटहिं बंदि महा सुख होई॥
जो यह पढ़ै हनुमान चालीसा। होय सिद्धि साखी गौरीसा॥
तुलसीदास सदा हरि चेरा। कीजै नाथ ह्रदय महँ डेरा॥

**॥ दोहा ॥**
पवनतनय संकट हरन,मंगल मूरति रुप।
राम लखन सीता सहित,ह्रदय बसहु सुर भूप॥

**हनुमान जी की आरती**
आरती कीजै हनुमान लला की। दुष्ट दलन रघुनाथ कला की॥
जाके बल से गिरिवर कांपे। रोग दोष जाके निकट न झांके॥
अंजनि पुत्र महा बलदाई। सन्तन के प्रभु सदा सहाई॥
दे बीरा रघुनाथ पठाए। लंका जारि सिया सुधि लाए॥
लंका सो कोट समुद्र-सी खाई। जात पवनसुत बार न लाई॥
लंका जारि असुर संहारे। सियारामजी के काज सवारे॥
लक्ष्मण मूर्छित पड़े सकारे। आनि संजीवन प्राण उबारे॥
पैठि पाताल तोरि जम-कारे। अहिरावण की भुजा उखारे॥
बाएं भुजा असुरदल मारे। दाहिने भुजा संतजन तारे॥
सुर नर मुनि आरती उतारें। जय जय जय हनुमान उचारें॥
कंचन थार कपूर लौ छाई। आरती करत अंजना माई॥
जो हनुमानजी की आरती गावे। बसि बैकुण्ठ परम पद पावे॥

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी-टी टेबल, टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बैट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971



# ग्राम पंचायत सचिवो की हड़ताल 24 वे दिन भी जारी रहा

## शासकीयकरण की मांग को लेकर सचिवो ने शुरू किया क्रमिक भूख हडताल, पहले दिन पांच सचिवो ने किया भूख हड़ताल

### जिले के दौरे पर आर रहे वन मंत्री का शनिवार का घेराव व विरोध प्रदर्शन

**अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** प्रांतीय आहवान पर पंचायत सचिव संघ की अनिश्चितकालीन हडताल 24 वे दिन भी जारी रही। नियमितिकरण की मांग को लेकर पंचायत सचिव सरकार से आर पार की लडाई के मूड में है। सचिवो की चेतावनी है की जब तक उनकी माांगे पुरी नही होगी वे वापस काम पर नही लौटेगे।

18 मार्च से शासकीयकरण की मांग को लेकर राज्य शासन के खिलाफ आंदोलनरत पंचायत सचिव इस बार के आंदोलन में अपनी मागे पुरी होने पर ही हडताल समाप्त करने की बात कह रहे है। पंचायत सचिव राज्य षासान से पीएम मोदी की गांरटी को पुरा करने की मांग कर रहे है। सचिव संघ के पदाधिकारियो ने खुलासा किया की चुनाव से पूर्व भाजपा ने पीएम मोदी जी की गांरटी के नाम पर यह वायदा किया था की वे सरकार में आए तो सौ दिनो के अंदर प्रदेश के पंचायत सचिवो का शासकीय करण कर देंगे। लेकिन सरकार में आने के सवा साल के बाद भी भाजपा की सरकार अपना वायदा नही निभा रही है। पंचायत सचिवो में इस बात का आक्रोश है की भाजपा सरकार की ओर से पिछले वर्ष राजधानी रायपुर में हुए प्रदेश स्तरीय पंचायत सचिव सम्मेलन में सीएम व पंचायत मंत्री ने शासकीयकरण करने की बात को दोहराया था। और जुलाई माह में एक कमेटी बना दी थी, लेकिन कमेटी के गठन के बाद भी सरकार की ओर से अब तक कोई निर्णय नही लिया गया है। पंचायत सचिवों ने आरोप लगाया की भाजपा सरकार उनके साथ वादाखिलाफी कर रही है। उन्होने कहा की अब वे अपना अधिकार लड कर प्राप्त करेगे। पंचायत सचिव प्रतिदिन प्रात: 10 से सांय 5 बजे तक जनपद पंचायत परिसर में राज्य शासन के खिलाफ अपनी मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी कर रहे है। पंचायत सचिव के आंदोलन में नियमित तौर पर संघ के



जिलाध्यक्ष व जिला पदाधिकारी के अलावा स्थानीय ब्लाक अध्यक्षव ब्लाक पदाधिकारी व जनपद के सभी ग्राम पंचायतो के सचिव शामिल हो रहे है।

**नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया हडतालियो का समर्थन**

हडताली पंचायत सचिव के पंडाल में आज नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने सचिवो के मांगो व आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा की उनकी मागे जायज है। और अधिकार के लिए जारी संघर्ष को वे एकजुटता के मागे पुरी होने तक जारी रखे। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा की प्रदेश में जो भी सरकारे रही उन्होने पंचायत सचिवो का केवल शोषण किया है। सरकार में आने से पहले राष्ट्रीय पार्टिया सचिवो को झूठे सपने दिखाती है और अपने चुनावी घोषणा पत्र में सरकार में आने के बाद उनके शासकीयकरण करने का वायदा करती है। लेकिन सरकार में आने के बाद वायदे से पलट जाती है। इसलिए सचिवो की नियुक्ति के बाद से अब तक पिछले तीस वर्षों से सचिवो को शासकीयकरण के लिए संघर्ष करना पड रहा है। नगर अध्यक्ष ने हडतालियो सचिवो को भरोसा दिलाया की वे उनके अधिकारो की लडाई में उनके साथ खडे हुए है।

**क्रमिक भूख हडताल से प्रारंभ**

पंचायत सचिव आज से क्रमिक भूख हडताल प्रारंभ कर दिया है। पहले दिन आज पांच सचिव भूख हडताल पर बैठे जिनमे कोमल कश्यप साहू, जुगल किशोर सिन्हा, हेंमत साहू, देवकुमार मंडावी और सीताराम साहू शामिल थे। पंचायत सचिव संघ के पदाधिकारियो ने बताया की उनकी क्रमिक भूखहडताल निरंतर जारी रहेगी।

**पंडाल में ही मनाएंगे हनुमान जयंती**

आंदोलनकारी पंचायत सचिव शनिवार को हनुमान जयंती पंडाल में ही मनाएंगे। सचिव संघ ने बताया की आांदोलन स्थल जनपद पंचायत परिसर में शनिवार को विधिवत संकटमोचक हनुमान जी की प्रार्थना एवं भजना कीर्तन किया जाएगा। जानकारी दी गई की गुरूवार को सचिवो ने पंडाल स्थल में ही भगवान महावीर की जयंती मनाई थी। सचिवो ने कहा की शनिवार को वे भगवान हनुमान से सरकार को सदबुद्धि देने के लिए पूजन अर्चन कर अपने शासकीयकरण की मांग को पुरा करने के लिए प्रार्थनाए करेगे।

**वन मंत्री का करेगे घेराव**

छग शासन के वन मंत्री शनिवार को एक दिवसीय प्रवास पर जिले के दौरे पर रहेगे। बताया जाता है की वन मंत्री केदार कश्यप शनिवार को अंबागढ चौकी ब्लाक के गाम ब्राम्हणभेडी टोलागांव में नवयुवक मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेगे। पंचायत सचिव संघ के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र उईके व ब्लाक अध्यक्ष महेश मारकंण्डेय ने बताया की वे शनिवार को जिले के दौरे पर आ रहे वन मंत्री का घेराव कर विरोध प्रदर्शन करेगे। वे वन मंत्री के सामने पंचायत सचिवो की मांगो को पुरी करने का आहवान करेगे।

# श्रीमद् भागवत कथा कराने और सुनने से जन्म जन्मांतर के पाप नष्ट होते हैं : कथा व्यास



**नौगांव छतरपुर (नांदगांव टाइम्स)।** गांव से 2 किलोमीटर शांतिप्रिय गांव वीरपुरा में गंगेले परिवार के वंशज श्री जितेंद्र गंगेले आयोजन समिति के माध्यम से परीक्षित के रूप में पंडित श्री रामस्वरूप गंगेले उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रामकली देवी गंगेले श्री बरयाल बाबा धार्मिक स्थान पर कथा कथा व्यास आचार्य पंडित श्री अशरफी लाल गौतम जी यज्ञ आचार्य पंडित श्री हर्ष गौतम संगीतकार श्री रोहित जी श्री सुरेश कुमार जी के माध्यम से श्रीमद् भागवत कथा चल रही है। कथा सुनने के लिए नौगांव बीरपुर धवर्रा संगम खेत के भक्तगण शामिल हो रहे हैं । ग्राम वीरपुरा के वरिष्ठ नागरिक रिटायर्ड प्रिंसिपल रामेश्वर प्रसाद राय मुरली मनोहर नायक हरिश्चंद्र खटीक मोहन सिंह मुलायम सिंह लाखन सिंह श्रीमद् भागवत कथा आयोजन के लिए श्री जितेंद्र गंगेले शुभकामनाएं बधाई दी है । कथा का समापन 15 अप्रैल 2025 मंगलवार को विशाल भंडारा के साथ समापन होगा, भंडारे में भक्तों से शामिल होने अपील की गई।

# बेलरगोंदी में परिक्षेत्रीय स्तरीय भक्त माता कर्मा जंयती 12 अप्रैल को

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** परिक्षेत्रीय साहू संघ बेलरगोंदी एवं ग्रामीण साहू समाज बेलरगोंदी में आज 12 अप्रैल 2025, दिन शनिवार को परिक्षेत्रीय स्तरीय भक्त माता कर्मा जंयती का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

परिक्षेत्रीय साहू समाज बेलरगोंदी के अध्यक्ष श्री नलेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि प्रात: 8 बजे भक्त माता कर्मा की आरती एवं भव्य कलश यात्रा राउत नाचा के साथ 10 बजे से 1 बजे तक ततपश्चात लोक रंजनी दैहान वालों का नाच कार्यक्रम 2 बजे से संध्या 5 बजे तक उसके पश्चात महाप्रसादी वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री भोलाराम साहू जी (विधायक विधानसभा क्षेत्र खुज्जी8, अध्यक्षता श्री भुनेश्वर प्रसाद साहू (अध्यक्ष तह. साहू संघ छुरिया8 विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री मिलाप दास साहू 6अध्यक्ष तह. साहू समाज कुमर्दा8, श्री जोधी राम साहू (संरक्षक तह. साहू संघ छुरिया), श्री हिरेन्द्र कुमार साहू (संरक्षक परि. साहू समाज बादराटोला8, श्री पुरषोत्तम साहू 6संरक्षक तह. साहू समाज छुरिया), श्री भारत लाल साहू 6अध्यक्ष परि. साहू समाज गैन्दाटोला), श्री चुरामन लाल साहू 6अध्यक्ष परि. साहू



समाज छुरिया), श्री देवेन्द्र कुमार साहू (अध्यक्ष परि. साहू समाज कुमर्दा8, श्री दीन दयाल साहू 6अध्यक्ष परि. साहू समाज कलडबरी), श्री तिलोचन साहू (अध्यक्ष परि. साहू समाज जोशीलमती8, श्रीमती चन्द्रिका लेखचंद वर्मा 6 सदस्य जनपद पंचायत छुरिया8, श्रीमती सोनम मरावी 6 सरपंच, ग्राम पंचायत बेलरगोंदी, श्रीमती रमशिला साहू 6 पूर्व सरपंच, ग्राम पंचायत बेलरगोंदी), श्री मदन लाल साहू 6उपाध्यक्ष जिला साहू समाज राजनांदगांव), श्रीमती भेषबाई साहू 6उपाध्यक्ष जिला साहू समाज राजनांदगांव8 6सदस्य जनपद पंचायत छुरिया8, श्री गिरधारी लाल साहू 6संरक्षक परि. साहू समाज बादराटोला8, श्री ज्ञानचंद साहू 6सचिव तह. साहू समाज छुरिया), श्री शिशपाल साहू जी 6अध्यक्ष परि. साहू समाज भोलापुर), श्री बालकिशन साहू 6अध्यक्ष परि. साहू समाज कल्लू बंजारी8, श्री श्याम सुन्दर साहू 6अध्यक्ष परि. साहू समाज झिथराटोला), श्री भुवन लाल साहू (अध्यक्ष परि. साहू समाज साल्हे 8, श्री कामता प्रसाद साहू 6सलाहकार तह. साहू समाज छुरिया), श्रीमती प्रतिमा टेकचंद सोनबोईर 6 पूर्व जनपद सदस्य, जनपद पंचायत छुरिया), श्री ओमकुमार साहू 6 सरपंच ग्राम पंचायत हैदलकोडो), श्रीमती मंजू साहू 6 सरपंच ग्राम पंचायत बिटाल), श्री धन्नु लाल साहू (ग्राम पटेल बेलरगोंदी) शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सचिव ईश्वर लाल साहू, टेकचंद साहू ग्रामीण अध्यक्ष संयुक्त परीक्षेत्रीय साहू समाज एवं ग्रामीण साहू समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी परीक्षेत्रीय साहू समाज बेलरगोंदी की कार्य. मीडिया प्रभारी उमाशंकर साहू( मोनू )ने दी है।

# सुश्री निकहत परवीन महिला पुलिस प्रकोष्ठ की काउंसलर बनी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** इलेक्ट्रॉनिक मीडिया जगत से जुड़ी समाज सेवा प्रवृत्ति की निकहत परवीन को पुलिस विभाग द्वारा



महिला प्रकोष्ठ का काउंसलर नियुक्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा महिला प्रकोष्ठ के नियुक्त किए गए महिला काउंसलर्स के नामों में सुश्री निकहत परवीन के नाम प्रमुखता से शामिल हैं। बता दें कि सुश्री परवीन इलेक्ट्रॉनिक मीडिया जगत से जुड़ी होने के अलावा पिछले छह वर्षों से मूक- बधिरों की सेवा करने वाली संस्था आस्था की सह- सचिव है। पीजी डीजे एम सी की गोल्ड मेडलिस्ट सुश्री परवीन की इस उपलब्धि पर उनके इष्ट - मित्रों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# सिंघोला संकुल में संपर्क डिवाइस का वितरण किया गया

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सिंघोला संकुल के अंतर्गत आने वाले सभी प्राथमिक शालाओं को संकुल समन्वयक कुलदीप देवांगन



के द्वारा संपर्क डिवाइस का वितरण किया गया। संपर्क डिवाइस में कक्षा एक से पांच तक के बच्चों के लिए विशेष लर्निंग मटेरियल , अभ्यास कार्य, मजेदार विडियो, तथा स्वयं करके सीखना जैसे कंटेंट है जिसे एंड्राइड टीवी के माध्यम से बच्चे देख एवं सीख सकते हैं। इससे सीखना रुचिकर, आकर्षक एवं आसान हो जाएगा। प्राथमिक शाला के सभी प्रधान पाठकों को संपर्क डिवाइस का नियमित उपयोग करने प्रोत्साहित किया गया ।

# अवैध शराब और नकली होलोग्राम की बड़ी हवेल मछलियों को बचाने का प्रयास पुलिस प्रशासन को शोभा नही देता है? - ओस्तवाल

**(ई.ओ.डब्ल्यू ही अवैध शराब और नकली होलोग्राम और स्टीकर के भ्रष्टचार के मास्टर माईंड का खुलासा कर सकती है, पुलिस के बस का रोग नही दिख रहा है। और इतनी बड़ी अवैध शराब की ब्रिकी का इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को संज्ञान में लेना होगा ।)**

**राजनांदगाँव( नांदगांव टाइम्स )।** शहर की जन-जन की आवाज एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने एक जारी बयान में यह कहा कि जिस तरह से राजनांदगाँव जिले के डोंगरगढ़ के ग्राम करवारी की अवैध शराब और नकली होलोग्राम और स्टीकर आदि के भ्रष्टाचार और शासन के नियम विरूद्ध कार्य करने वाले आबकारी विभाग के अधिकारियों एवं नकली होलोग्राम के मास्टरमाईंड जिस बड़े माफिया को पूरी तरह से जिला पुलिस प्रशासन दबाव में जो बचाने का प्रयास कर रही है? वह शासन हित और जनहित में उचित नही है और जिस तरह से पुलिस विभाग के द्वारा छोटी मछलियों को पकडक़र जो आयें दिन समाचार पत्र में गिनती बढ़ाने का जो दिखावा जारी है उससें ऐसा लगता है कि जो पुलिस विभाग के ऊपर आप जनता का भरोसा होता है, वह उठता दिख रहा है? क्योंकि इस



अवैध शराब और नकली होलोग्राम एवं स्टीकर के मास्टरमाईंड को पकडऩा छोडक़र छोटे कोचियों को पकड़ के कोई बहुत बड़ी बहादुरी नही दिखा रहें है । श्री ओस्तवाल ने जिला पुलिस प्रशासन से दो टुक शब्दों में यह कहा है कि यदि इस भ्रष्टाचार में आपके विभाग के अधिकारियों का हाथ नही है? तो फिर जिला आबकारी विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों और नकली होलोग्राम आदि के भ्रष्टाचार के मास्टर माईंड और बड़े नेताओं के रिश्तेदारों को जो बचाने से जिला पुलिस प्रशासन की नाक ऊँची नही होने वाली है, इसलिए मेरा जिला पुलिस प्रशासन से अनुरोध है कि तत्काल राजनांदगाँव जिले की संस्कारधानी नगरी के डोंगरगढ़ की माँ बम्लेश्वरी की पावन धरती में जो अवैध शराब और नकली होलोग्राम का खेल खेला गया है और राज्य शासन को वित्तीय हानि पहुंचाई गई है, उसके मास्टरमाईंड जो भी है उनका खुलासा 7 दिवस के भीतर करें, नही तो इस मामले को ई.ओ.डब्ल्यू को जिला पुलिस प्रशासन को सौंप देना चाहिए, क्योंकि वह दूध का दूध और पानी का पानी करने की क्षमता ई.ओ.डब्ल्यू रखती है ।

### चयनित एवं वरीयता सूची जारी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मिशन वात्सल्य योजनांतर्गत शासकीय बाल देखरेख संस्थाओं में विभिन्न पदों के लिए कौशल परीक्षा एवं लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के बाद चयनित एवं वरीयता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। प्रकाशित सूची का अवलोकन राजनांदगांव जिले की वेबसाईट तथा कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग व जिला बाल संरक्षण इकाई संयुक्त कलेक्ट्रेट राजनांदगांव के सूचना पटल पर किया जा सकता है।

# छप गए थे कार्ड, शादी की हो रही थी तैयारी ,महिला बाल विकास ने रोका बाल विवाह

**छुईखदान (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देशन में बाल विवाह रोकथाम टास्कफोर्स छुईखदान के महिला बाल विकास टीम और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने गंडई वार्ड 03 में 16 वर्ष की बालिका का बाल विवाह होने से रोका और बालिका का भविष्य खराब होने से बचाया।

गंडई थाने में प्राप्त शिकायत के आधार पर स्छरू मैडम के निर्देश में शिकायत की जांच की गई परियोजना अधिकारी सुनील बंजारे ने उक्त शिकायत की जांच सेक्टर पर्यवेक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से कराया ,मार्कशीट के आधार पर बालिका का उम्र 16 वर्ष पाया गया जिससे बाल विवाह होने की पुष्टि हुई जिसमें महिला बाल विकास की टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस विभाग के साथ मौके पर पहुंचकर बाल विवाह न करने हेतु परिवार वालों को समझाइश दी गई और उन्हें बताया गया कि लड़की का विवाह 18 वर्ष से कम उम्र में तय कर दिया गया है जो कि अपराध की श्रेणी में आता है यदि यह विवाह संपन्न होता है तो एक लाख जुर्माना और 2 वर्ष के जेल की सजा हो सकती है बालिका का विवाह 15 अप्रैल को तय हुआ था शादी के कार्ड छापकर बाट



दिए गए थे किंतु महिला बाल विकास और पुलिस विभाग की सजगता से एक बच्ची का भविष्य बर्बाद होने से बच गया। परियोजना अधिकारी सुनील बंजारे के द्वारा बालिका का विवाह जिस युवक के साथ तय हुआ था उसे भी समझाइश दी गई तथा बताया गया कि एक वयस्क और नाबालिग का विवाह संपन्न होता है तो यौन अपराधों से बच्चो का संरक्षण 2012 अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी । परियोजना अधिकारी सुनील बंजारे ने बताया की बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है और इसे रोकना सभी का कर्तव्य है बाल विवाह होने से बालक बालिका का भविष्य खतरे में पड़ जाता है वह समाज की मुख्य धारा से जुड़ नहीं पाते तथा मानसिक शारीरिक स्वास्थ्य समस्या होती है बाल विवाह एक सामाजिक बुराई इस हेतु समाज से अपील किया गया कि यदि कही भी बाल विवाह होने की सूचना मिलती है तो चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 या नजदीकी आंगनबाड़ी में या थाने में इसकी सूचना दे सकती है इस कार्यवाही के मौके महिला बाल विकास से परियोजना अधिकारी छुईखदान विकासखंड सुनील बंजारे, गंडई पर्यवेक्षक माधुरी जगत, पर्यवेक्षक लक्ष्मी सर्वा,प्रेमलता जगत, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सीमा शर्मा, पुलिस विभाग से उप निरीक्षक प्रियंका पैंकरा, प्रधान आरक्षक भागवत जांघेल लेडी कांस्टेबल शिखा निर्मलकर, कोटवार उपस्थित थे।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com